This question paper contains **3** printed pages]

AN—20—2019

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Third Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2019

HINDI

Paper IX

(आधुनिक कविता, भाग-I)

(Monday, 22-4-2019) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—3 Hours *Maximum Marks—75*

सूचना :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) "काम मंगल से मंडित श्रेय सर्ग, इच्छा का है परिणाम; 10
तिरस्कृत कर उसको तुम भूल बनाते हो असफल भवधाम।"

अथवा

"जिस दिन देख उसे पायेगा मनुज ज्ञान के बल से,
रह न जायेगी उलझ दृष्टि जब मुकुट और वल्कल से।
उस दिन होगा सुप्रभात नर के सौभाग्य-उदय का,
उस दिन होगा शंख ध्वनित मानव की महा विजय का।"

(आ) "जल्दी से, टीले के नीचे, उधर उतर कर 10
वे चुन ले जाते कूड़े से निधियाँ सुन्दर, —
सिगरेट के खाली डिब्बे, पन्नी चमकीली,
फीतों के टुकड़े, तस्वीरें नीली पीली।"

P.T.O.

22D6392A6C3F3F878663A4B1BE14737D

अथवा

"दुर्लभ नहीं मनुज के हित, निज वैयक्तिक सुख पाना,
किन्तु, कठिन है कोटि-कोटि मनुजों को सुखी बनाना।
एक पन्थ है, छोड़ जगत् को अपने में रम जाओ,
खोजो अपनी मुक्ति और निज को ही सुखी बनाओ।"

2. "'कामायनी' की कथावस्तु प्राचीन है, किंतु संदर्भ आधुनिक है।" इस कथन को विशद कीजिए। 20

अथवा

"जीतकर भी मनुष्य हार जाता है और हारकर भी जीत सकता है।" 'कुरुक्षेत्र' के आधार पर समझाइए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) 'खोज' के शीर्षक की सार्थकता। 10

अथवा

'कामायनी' की श्रद्धा।

(आ) 'आत्मसमर्पण' कविता की मूल संवेदना। 10

अथवा

'कुरुक्षेत्र' की भाषा की ओजस्विता।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **पंद्रह-बीस** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) बच्चनजी की कविताएँ जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं, स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के साहित्यिक योगदान को रेखांकित कीजिए।

(*iii*) हिंदी संस्मरण में महादेवी वर्मा का स्थान रेखांकित कीजिए।

(*iv*) निराला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) निराला की पुत्री का नाम क्या था ?

22D6392A6C3F3F878663A4B1BE14737D

(*ii*) 'वैदेही वनवास' किसकी रचना है ?

(*iii*) महादेवी वर्मा का जन्म किस स्थान पर हुआ ?

(*iv*) बच्चनजी की पहली पत्नी का नाम क्या था ?

(*v*) मैथिलीशरण गुप्त की माता का नाम क्या था ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'रस कलश' के रचनाकार .... हैं।

(*ii*) बच्चनजी की आत्मकथा .... खंडों में विभाजित है।

(*iii*) 'राम की शक्तिपूजा' .... की रचना है।

(*iv*) 'पथ के साथी' .... का संस्मरण है।

(*v*) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म .... प्रदेश में हुआ।

22D6392A6C3F3F878663A4B1BE14737D